
देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 15 अंकः 9 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

विचार–प्रवाह...अमीरों की बीमारी, गरीबों पर भारी



# पेज थ्री

देहरादून, बुधवार, 1 अप्रैल 2020



PAGE 3 PUBLICATION

मौसम अधिकतम 29.0⁰ न्यूनतम 15.0⁰

29659.15

2 जमात ने एशिया में फैलाया कोरोना
7 रोहित शर्मा ने भी बढ़ाए मदद के हाथ

## संक्षिप्त समाचार

### देश में बढ़ा मौतों का आंकड़ा, अब तक 1,251 कोविड–19 पीड़ित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
नई दिल्ली। कोरोना वायरस का कहर दुनिया के साथ–साथ भारत में भी बढ़ता जा रहा है। देश में कुल 1,251 मामले हैं। इस बीमारी से 102 लोग ठीक हो गए हैं या उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है और एक मरीज को दूसरी जगह भेजा गया है। कुल 49 विदेशी भी इस बीमारी से पीड़ित हैं। अबतक 32 ने कोरोना से गंवाई जान। भारत सरकार की तरफ से लोगों को इसके प्रति जागरूक किया जा रहा है, फैलने से रोकने के लिए कई कदम भी उठाए गए हैं। विदेशों में फंसे भारतीयों को भी सरकार वापस ला रही है।

### भारत में फंसे विदेशी पर्यटकों की मदद के लिए पर्यटन मंत्रालय ने लॉन्च की वेबसाइट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
नई दिल्ली। भारत में फंसे विदेशी पर्यटकों की मदद के लिए पर्यटन मंत्रालय ने एक पोर्टल शुरू किया है। इसकी मदद से विदेशी नगरिक जरूरी सेवाओं की जानकारी प्राप्त करत इसका लाभ उठा सकेंगे। पर्यटन मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि श्भारत में फंसे हुए शीर्षक वाले पोर्टल का उद्देश्य विदेशी पर्यटकों की सहायता के लिए नेटवर्क तैयार करना है। पोर्टल में विदेश मंत्रालय के नियंत्रण केंद्रों के साथ–साथ उनसे संपर्क करने की जानकारी भी मिलेगी।

### मेरठ में 25 मई तक धारा 144, तबलीगी जमात के जलसे में गए लोगों की तलाश

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेरठ। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कोरोना वायरस के बढ़ते खतरे को देखते हुए जिला प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है। मेरठ में डीएम ने 25 मई तक के लिए धारा 144 लागू करने का आदेश जारी किया है। इस बीच दिल्ली के निजामुद्दीन में तबलीगी जमात के आयोजन में शामिल हुए मेरठ और सहारनपुर मंडल के लोगों को चिन्हित किया गया है।

# भारत में निजामुद्दीन मरकज बना कोरोना केंद्र

दिल्ली में 200 से ज्यादा भर्ती, तेलंगाना में 6 की हुई मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत में भी तबलीगी जमात की 18 मार्च को हुई एक बैठक से पूरे देश में हड़कंप जैसी स्थिति है। दिल्ली के निजामुद्दीन इलाके में हुई इस बैठक में हिस्सा लेने वाले 10 लोगों की कोरोना वायरस से मौत हो गई है। यह पूरा इलाका ही अब कोरोना का केंद्र बन गया है। यहां पर कोरोना के खतरे के बावूजद बिना इजाजत 18 मार्च को धार्मिक कार्यक्रम किया गया, जिसमें 300 विदेशियों के साथ 1900 लोग शामिल हुए। नतीजा 10 मौतें और 300 के संक्रमित होने का खतरा है। निजामुद्दीन में तबलीगी जमात के आयोजन में शामिल हुए लोगों की कोरोना से एक के बाद एक मौतों ने कई राज्यों को चिंता में डाल दिया है। उत्तर से लेकर दक्षिण तक कोरोना पॉजिटिव मामले बढ़ रहे हैं।

ताजा जांच रिपोर्ट में निजामुद्दीन की मरकज बिल्डिंग में मौजूद लोगों में से अब तक 24 को कोरोना संक्रमित पाया गया है। सबसे गंभीर बात यह है कि यह खतरा दिल्ली तक सीमित नहीं है। तेलंगाना, तमिलनाडु से लेकर उत्तराखंड तक कोरोना का यह खतरा फैल चुका है, क्योंकि ये सभी लोग देश के अलग–अलग हिस्सों से आए और गए हैं। इससे पूरे देश में कोरोना के फैलने का खतरा बढ़ गया है। इतना ही नहीं, बहुत लोग सऊदी अरब, मलेशिया और इंडोनेशिया से भी आए थे, जहां पर पहले ही कोरोना बुरी तरह से फैला हुआ है। बताया जा रहा है कि कार्यक्रम में करीब 250 विदेशी मेहमान थे।

## मरकज में मौजूद लोगों में से अब तक 24 कोरोना संक्रमित



### तेलंगाना में 6 लोगों की हुई मौत

तबलीगी जमात के जलसे ने तेलंगाना को मुसीबत में डाल दिया है। जमात के धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने आए 10 लोगों की कोरोना वायरस से मौत हुई है। इनमें से सबसे ज्यादा 6 मौतें तेलंगाना से ही सामने आई हैं। 13 मार्च से 15 मार्च तक हुए आयोजन में तेलंगाना से भी सैकड़ों लोग शामिल हुए थे। इसमें हिस्सा लेने वाले दो लोगों की मौत हैदराबाद के गांधी अस्पताल, एक–एक व्यक्ति की मौत दो निजी अस्पतालों में, एक की मौत निजामाबाद, जबकि एक की मौत गडवाल में हुई।

### उत्तर प्रदेश के कई जिलों में अच्छा खासा असर

यूपी के डीजीपी कार्यालय की तरफ से जारी आदेश में कहा गया है कि जमात के विदेशी प्रचारकों के हजरत निजामुद्दीन में हुए कार्यक्रम में यूपी के 18 जिलों से लोग शामिल हुए थे।

**आंध्र प्रदेशः** आंध्र प्रदेश से भी तबलीगी जमात के जलसे में बहुत से लोग शामिल हुए थे। यहां अब तक कोरोना के 19 केस सामने आए हैं। सोमवार को जो 6 नए पॉजिटिव केस आए, उनमें से पेशंट–14 और पेशंट–15 निजामुद्दीन में जमात के कार्यक्रम में शामिल हुए थे और संक्रमित लोगों के सीधे संपर्क में आए।

**तमिलनाडुः** तमिलनाडु में कोविड–19 के 17 नए केस सामने आए हैं। इस बात की भी आशंका है कि राज्य में बड़ी संख्या में कोरोना संक्रमित लोग हो सकते हैं।

## दिहाड़ी मजदूरों के पलायन पर सुको में बोला केंद्र–

# कोई भी सुबह 11 बजे तक सड़क पर नहीं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कोरोना वायरस के कारण दिल्ली से पलायन कर रहे दिहाड़ी मजूदरों के लिए खाना और ठहरने के इंतजाम वाली याचिका की सुनवाई के दौरान मंगलवार को केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि सुबह 11 बजे तक एक भी प्रवासी मजूदर सड़क पर नहीं है।

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने शीर्ष अदालत को बताया कि केंद्रीय गृह सचिव ने बताया है कि सुबह 11 बजे तक एक भी दिहाड़ी मजदूर सड़क पर नहीं हैं। चीफ जस्टिस एसए बोबडे और जस्टिस एल नागेश्वर राव सुन रहे हैं याचिका। सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस एसए बोबडे ने कहा कि शेल्टर होम आदि के प्रबंधन का काम वालेंटियर को दिया जाए, पुलिस को नहीं। उन्होंने सरकार से कहा कि आप यह सुनिश्चित करें कि वॉलेंटियर लाए जाएं, बल या धमकी का उपयोग नहीं होना चाहिए। केन्द्र ने सुको को बताया कि 5 जनवरी को भारत में कोरोना वायरस के पहले मामले की पहचान हुई थी और सरकार ने 17 जनवरी से इसके खिलाफ तैयारियां शुरू कर दी थी। विडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए हुई, सुनवाई में जज, याचिकाकर्ता वकील और सॉलिसिटर जनरल ने अपने अपने घर से शामिल हुए।

### केंद्र को 24 घंटे में पोर्टल स्थापित करने का आदेश

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम एक आदेश पारित कर रहे हैं कि कोरोना की जानकारी के लिए केंद्र सरकार 24 घंटे में पोर्टल स्थापित करेंगे। सरकार यह भी सुनिश्चित करे कि जिन लोगों का प्रवास आपने बंद किया है उन सभी को भोजन, आश्रय, पोषण और चिकित्सा सहायता के मामले में ध्यान रखा जाए। केंद्र ने कहा अभी पलायन रुक गया है। लेकिन जो गए हैं उनमें 10 में 3 संदिग्ध हो सकते हैं।

### कनिका कपूर का पांचवा कोरोना वायरस टेस्ट भी मिला पॉजिटिव

नई दिल्ली। सिंगर कनिका कपूर का पांचवा कोविड–19 टेस्ट पॉजिटिव आया है। कनिका कपूर का पांचवा कोरोना वायरस टेस्ट भी पॉजिटिव आना चिंताजनक है, लेकिन डॉक्टर्स का मानना है कि कनिका कपूर की तबीयत में लगातार सुधार हो रहा है। कोरोना पॉजिटिव मरीज का हर 48 घंटे बाद कोरोना वायरस का टेस्ट किया जाता है और ऐसे कनिका के पांच टेस्ट हो चुके हैं। वहीं, कनिका के पांचों टेस्ट पॉजिटिव पाए गए हैं। कनिका को अभी संजय गांधी पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस में एडमिट करवाया गया है।

समाचार एजेंसी के अनुसार इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर प्रोफेसर आरके धीमान ने कहा कि सिंगर की हालत स्थिर है और चिंता की कोई बात नहीं है। बता दें कि कनिका कपूर 9 मार्च को लंदन से भारत लौटी थीं और उसके बाद उन्होंने कई पार्टी और समारोह में हिस्सा लिया था।

# मैं माफी मांग रहा हूं, सख्ती करूंगा...

सीएम शिवराज की भावुक अपील

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

भोपाल। मेरे इंदौर के प्रिय भाइयों बहनों.. इंदौर दुनिया का अद्भुत शहर है। आपके मेरे सपनों का शहर है। आपकी जागरूकता के कारण इंदौर स्वच्छ भारत अभियान में तीन–तीन बार देश में पहले नंबर पर आया है। आज हमारा प्यारा शहर कोरोना वायरस के संक्रमण से लड़ रहा है। मैं आप सब से कहना चाहता हूं कि कोरोना को हर हालत में हराना है और इसको हराने का एकमात्र उपाय है कृपया करके आप अपने घरों पर रहिए। ये कहना है मध्य प्रदेश के सीएम शिवराज सिंह चौहान का।

शिवराज सिंह चौहान को हमेशा तेज तर्रार वाले अवतार में सबने देखा होगा लेकिन जब आज वो ये बातें बोल रहे थे तो उनके चेहरे में दिख रहा था कि वो कितने परेशान हैं। शिवराज ने अपने वीडियो संदेश में कहा, टोटल लॉक डाउन कर संपर्क की चौन को तोड़ दें और पीएम मोदी द्वारा बताई गई लक्ष्मणरेखा का पूरी तरह से पालन कीजिए। अति आवश्यक चीजों की आपूर्ति भी प्रशासन घरों में करने का प्रयास कर रहा है।

अपनों के लिए, अपने लिए, अपने बच्चों के लिए, अपने परिवार के लिए, अपने शहर के लिए अपने मित्रों के लिए, क्या कुछ दिन आप अपने एकांत में रह नहीं सकते। मैं जानता हूं आप उत्सव प्रेमी हैं लेकिन इस समय का तकाजा है हम घरों पर रहे।

# होम–क्वारंटाइन में हर घंटे भेजनी होगी सेल्फी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नियम तोड़ने पर होगी कड़ी कार्रवाई

बेंगलुरु। होम क्वारंटाइन किए गए कोरोना वायरस संदिग्धों और रोगियों पर नजर बनाए रखने के लिए कर्नाटक सरकार के राजस्व विभाग द्वारा एक मोबाइल एप्लिकेशन क्वारंटाइन वॉच विकसित किया गया है। इस ऐप पर कोरोना वायरस संदिग्धों और रोगियों को अपनी सेल्फी भेजनी होगी।

सरकार ने होम क्वारंटाइन में रह रहे लोगों को चेतावनी दी कि अगर वे नियम का उल्लंघन करते हैं, तो उन्हें बड़े पैमाने पर क्वारंटाइन सेंटर्स में भेजा जाएगा। एक प्रेस विज्ञप्ति में, कर्नाटक के चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. के सुधाकर ने सभी होम–क्वारंटाइन में रह रहे लोगों को निर्देश दिया कि वे ऐप में अपना नामांकन करें और प्रति घंटे के आधार पर अपनी सेल्फी भेजें। मंत्री ने कहा, वे सभी लोग जिन्हें होम–क्ध्वारंटाइन में रहने का आदेश दिया गया है, उन्हें सरकार को हर घंटे अपनी सेल्फी भेजनी होगी।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*
*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in